


नवभारत
भोपाल,सोमवार , 18 अगस्त 2025


### एक नजर में

## नि :शुल्क शव वाहन को दिखाई हरी झंडी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासन द्वारा टीकमगढ़ जिले को 2 नि :शुल्क शासकीय शव वाहन प्रदान किया गये है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस ग्राउंड में श्रीमती सरोज राजपूत, विवेक चतुर्वेदी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शोभाराम रोशन ने हरी झंडी दिखाकर कर शुरू किया।**

इस अवसर पर श्रीमती पुष्पा यादव, अरविन्द खटीक, देवेन्द्र नापित, डॉ.पीके माहौर डीएचओ, जिला मलेरिया अधिकारी एचएम रावत, जिला मीडिया अधिकारी मनोज नायक, नोडल अधिकारी प्रबल त्रिपाठी, 108 वाहन देशराज घोष सहित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। शासन द्वारा टीकमगढ़ जिले को 2 नि :शुल्क शासकीय शव वाहन प्रदान किया गये है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस ग्राउंड में श्रीमती सरोज राजपूत, विवेक चतुर्वेदी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शोभाराम रोशन ने हरी झंडी दिखाकर कर शुरू किया। अब लोगों को निशुल्क शव वाहन की सुबिधा मिलना शुरू हो जाएगी । लोगों ने इस नेक कार्य की लिए अधिकारियों की जमकर प्रशंसा की है।

# बारिश ने उमस भरी गर्मी से दिलाई निजात

**शहर के तमाम मार्ग में देखने को मिला जलभराव**

**कई दिनों बाद हुई बारिश ने दिखाया रौद्र रूप**





**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मानसून इस वर्ष बारिश के मौसम में जिलेभर में अपना रौद्र रूप दिखा रहा है। रविवार की शाम 4 बजे के आस-पास मुख्यालय पर भारी उमस के बीच तेज बारिश शुरू हुई यह बारिश का दौर घंटों जारी रहा।दरअसल बीते 10 दिनों से बारिश रूकी हुई थी जिसके चलते लोगों को उमस का सामना करना पड़ रहा था, अचानक रविवार की शाम हुई बारिश ने लोगों को उमस से निजात दिलाई है।**

रविवार की सुबह से ही तेज धूप निकली इस धूप के कारण लोगो को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। बीते कुछ दिनों से बारिश का दौर थमते ही मौसमी बीमारियों ने पैर पसार लिए थे। मौसम विभाग की माने तो अभी आगामी दिनों में तेज बारिश होने की संभावना आगामी दिनों में जताई है। रविवार को हुई बारिश के चलते लोग दिनभर ललितपुर मार्ग पर स्थित कुण्डेश्वर में जमड़ार नदी के जल स्तर का नजारा देखते रहे। हालांकि बढ़ती भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने पुलिस बल को घाटों पर तैनात कर दिया है। वहीं शहर की लाइफ लाईन कहे जाने वाले महेन्द्र सागर तालाब का जलस्तर काफी बढ चुका है। इसी के चलते अधिकारियों ने जल भराव वाले सभी क्षेत्रों का अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर उन्होंने लोगों से इस मौसम में सर्तक रहने की अपील की है। बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी है और खेतों में भरपूर नमी आ चुकी है, जिससे खरीफ फसलों की बुआई प्रभावित हो रही है। किसानों के माथे पर चिंता की लकीरे देखने को मिल रही है। मानसून इस वर्ष बारिश के मौसम में जिलेभर में अपना रौद्र रूप दिखा रहा है। रविवार की शाम 4 बजे के आस-पास मुख्यालय पर भारी उमस के बीच तेज बारिश शुरू हुई यह बारिश का दौर घंटों जारी रहा।दरअसल बीते 10 दिनों से बारिश रूकी हुई थी जिसके चलते लोगों को उमस का सामना करना पड़ रहा था, अचानक रविवार की शाम हुई बारिश ने लोगों को उमस से निजात दिलाई है।

### सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने पुन : किए इंतजाम

लगातार हुई बारिश से जामनी नदी का जल स्तर बड़ गया है। नदी में पानी आने से बरीघाट डेम लबालब हो गया है। डेम से तीन फीट ऊपर पानी जाने से झरना की तरह बह रहा है।अधिकारियों ने लोगों से बारिश के मौसम में डेम पर ना जाने की सलाह दी है। बरीघाट डेम के रास्ते तक जल भराव हो गया था। जामनी नदी से पानी बहाव तेज होने से बरीघाट के आगे बने त्रिगटा तक पानी का भराव हो गया। कुंडेश्वर नदी के घाटों पर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के इंतजाम किए गए है।

## हिंदू संगठनों ने की कार्यवाही की मांग



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में शनिवार को एक महिला ने रेप का मामला दर्ज कराया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि असलम खान नाम का व्यक्ति 15 अगस्त की शाम उसके घर में घुस गया। और उसने इस घटनाक्रम को अंजाम दिया । इस मामले में हिंदू संगठनों ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।**

पीड़िता के अनुसार वह शाम करीब 4 बजे घर पर अकेली थी। उसके पति मजदूरी के लिए बाहर गए थे। आरोपी ने इसी दौरान घर में घुसकर उसके साथ रेप किया। उसने पीड़िता को पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। डर के कारण महिला ने पहले किसी को नहीं बताया। शनिवार को उसने अपने पति को पूरी बात बताई। इसके बाद दंपती ने देर रात कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई।

कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र छारी ने बताया कि आरोपी असलम खान मोटे का मोहल्ला टीकमगढ़ का रहने वाला है। पुलिस ने उसके खिलाफ रेप, मारपीट और एससी-एसटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। घटना की जानकारी मिलते ही विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे। उन्होंने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने इस मामले में उचित न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है।

## मटकी फोड़ प्रतियोगिता में जीता इनाम



**नवभारत न्यूज जतारा। जतारा तहसील के ग्राम पंचायत करमौरा में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के पावन पर्व पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्रामीणों द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे करमोरा सहित आस-पास के सैकड़ों लोग शामिल हुए। मटकी फोड़ प्रतियोगिता में करमौरा के इंद्रजीत यादव ने मटकी को नियम पूर्वक फोड़ी । जिसका ईनाम 5600 दिया गया है।**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय परिसर में मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मटकी फोड़ कार्यक्रम की शर्तों के अनुसार मैदान में सांप जैसा आकार बनाकर मटकी फोड़ कार्यक्रम किया जाता है जो व्यक्ति मटकी फोड़ प्रतियोगिता में शामिल होता है उसे 50 रूपए शुल्क जमा करना पड़ते है। 65 छोटे बच्चे व बच्चियों की मौजूदगी में कार्यक्रम सफल रहा । इसी क्रम में करमौरा के इंद्रजीत यादव ने मटकी को नियम पूर्वक फोड़ी ।जिसका ईनाम 5600 दिया गया है। कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के पावन पर्व पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्रामीणों द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

## गड़बड़ी पर ठेकेदार को नोटिस जारी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। नगर के वार्ड 18 में कायाकल्प योजना 2.0 के अंतर्गत बनाई जा रही सीसी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने किया। सीएमओ भदौरिया ने संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने के साथ ही चेतावनी दी कि भविष्य में कार्य स्वीकृत प्राक्कलन एवं निर्धारित मापदंडों के अनुसार ही कराया जाए।**

निरीक्षण के दौरान सड़क का निर्माण मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया। सीसी की गुणवत्ता बेहद खराब निकली। जिस पर सीएमओ भदौरिया ने मौके पर चल रहे कार्य को रुकवाया और पहले से डाली गई घटिया सीसी सड़क को मशीनों की मदद से तुड़वाया ।उन्होंने कहा कि जनता के पैसे से किए जा रहे निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएमओ भदौरिया ने संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने के साथ ही चेतावनी दी कि भविष्य में कार्य स्वीकृत प्राक्कलन एवं निर्धारित मापदंडों के अनुसार ही कराया जाए। उन्होंने विभागीय इंजीनियरों और पर्यवेक्षकों को निर्देश दिए कि समय.समय पर निरीक्षण करते रहें। नगर के वार्ड 18 में कायाकल्प योजना 2.0 के अंतर्गत बनाई जा रही सीसी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने किया। सीएमओ भदौरिया ने संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी किया।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह से छात्रा लापता



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सागर मार्ग पर स्थित ग्राम ककरवाहा से 15 अगस्त को एक छात्रा के लापता होने का मामला सामने आया है। कक्षा 12वीं की छात्रा संगीता रैकवार स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने गांव के हाई स्कूल गई थी। कार्यक्रम के बाद से वह लापता है। खबर लिखे जाने तक लापता छात्रा के सुराग लगने की कोई पुष्टि नहीं हो सकी।**

छात्रा की मां नीमा रैकवार ने बताया कि संगीता बड़ागांव हायर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ती है। 15 अगस्त को बड़ागांव जाने में देर हो गई। इसलिए वह ककरवाहा के हाई स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई। वहां प्रभातफेरी और स्कूल के कार्यक्रम में उसे देखा गया।

उसके बाद से वह लापता है।परिजनों ने दो दिन तक गांव के आसपास और रिश्तेदारों के यहां छात्रा की तलाश की। कहीं पता न चलने पर आज बड़ागांव थाने में शिकायत दर्ज कराई गई।बड़ागांव थाना प्रभारी नरेंद्र वर्मा ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस सक्रियता से छात्रा की तलाश कर रही है। जल्द ही उसे ढूंढ लिया जाएगा।

## सांप के डसने से बुजुर्ग की मौत

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। दिगौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम खरोई में सांप के काटने से 64 साल के बुजुर्ग प्रभुदयाल विश्वकर्मा की मौत हो गई। प्रभुदयाल कमरे में गायों को सानी देने गए थे। उन्होंने जैसे ही डलिया उठाई उसमें छिपे सांप ने उनके हाथ में डस लिया उन्होंने चिल्लाकर परिजन को बताया।**

परिजन उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाने की बजाय बागाज माता मंदिर ले गए। वहां घंटों झाड़-फूंक करवाई हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। प्रशासन लगातार लोगों को जागरूक कर रहा है कि सांप काटने पर तुरंत अस्पताल जाएं फिर भी लोग झाड़-फूंक में समय गंवा देते हैं इससे जान चली जाती है।डलिया उठाई उसमें छिपे सांप ने उनके हाथ में डस लिया उन्होंने चिल्लाकर परिजन को बताया।

## नवभारत की खबर पर शिक्षक को नोटिस जारी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर समूचा देश वीर शहीदों को याद करके तिरंगे को सलामी देता है। इसके अलावा शालाओं में भी तिरंगा फहराया जाता है। मगर टीकमगढ़ जिले के विकास खण्ड बल्देवगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत मनपसार के गांव मजरा अड़कू के प्राथमिक शाला में प्रधानाध्यापक द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के अपमान करने का मामला सामने निकल कर सामने आया है। प्रधानाध्यापक पर यह आरोप वहां के ग्रामीणों ने लगाते हुए उनके खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। इस मामले को नवभारत समाचार पत्र ने रविवार के अंक में प्रमुखता से शीर्षक शिक्षक पर ध्वज के अपमान का आरोप नामक समाचार प्रकाशित किया था। जिस पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी ने शाला के प्रधानाध्यापक जगदीश यादव को कारण बताओं सूचना पत्र जारी कर जबाब प्रस्तुत करने का निर्देश जारी किया है।**

पत्र में यह उल्लेख किया गया है कि नवभारत समाचार पत्र के संवाददाता द्वारा अवगत कराया गया है कि 15 अगस्त पर जो राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाता है बह विधालय परिसर में कही भी देखने को नही मिला। ध्वज को निर्धारित समय से पूर्व ही उतार लिया गया है। जब पत्रकारों द्वारा उनसे बर्जन लेना चाहा तो शिक्षक के द्वारा उनके प्रति अभद्र अशिष्ट भाषा प्रयोग किया गया । जिसका ऑडियों वॉयरल हुआ है। जिसके चलते शिक्षक को नोटिस जारी कर जबाब देने के निर्देश जारी किए गए।

### शिक्षक पर ध्वज के अपमान का आरोप



**नवभारत न्यूज खरगापुर। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर समूचा देश वीर शहीदों को याद करके तिरंगे को सलामी देता है। इसके अलावा शालाओं में भी तिरंगा फहराया जाता है। मगर टीकमगढ़ जिले के विकास खण्ड बल्देवगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत मनपसार के गांव मजरा अड़कू के प्राथमिक शाला में प्रधानाध्यापक द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के अपमान करने का मामला सामने निकल कर सामने आया है। प्रधानाध्यापक पर यह आरोप वहां के ग्रामीणों ने लगाते हुए उनके खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।**

ग्रामीण रामप्रसाद यादव एवं महेश लोधी सहित अनेक लोगों ने आरोप लगाते हुए बताया कि जब वह 15 अगस्त की दोपहर 3बजे के आस-पास शाला पहुंचे तो शाला में राष्ट्रीय ध्वज दिखाई नही दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि शाला के प्रधानाध्यापक जगदीश यादव समय से पहले राष्ट्रीय ध्वज को उतारकर अपने घर चले गए थे। प्रभारी शिक्षा अधिकारी हनुमत सिंह ने इस मामले में जांच कर कार्यवाही की बात कही है। नवभारत के संवाददाता हैरान यादव एवं ब्रजेश यादव ने अलग-अलग समय पर जब प्रधानाध्यापक से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया तो उन्होंनें दोनों संवाददाताओं से फोन पर अभ्रदता की।

# अवंती बाई लोधी की मनाई गई 194वीं जयंती

**प्रतिमा स्थल पर छतरी लगाने का रखा प्रस्ताव**

**कुंडेश्वर में धर्मशाला निर्माण की उठाई आवाज**



**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़। शहर में लोधी समाज ने स्वाधीनता संग्राम की प्रथम नायिका वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी की 194वीं जयंती मनाई। शासकीय गर्ल्स कॉलेज स्थित प्रतिमा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। इस दौरान समाज के लोगों ने शिव धाम कुंडेश्वर में धर्मशाला निर्माण और प्रतिमा स्थल पर छतरी लगाने का प्रस्ताव रखा।**

समारोह में महारानी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। लोधी समाज ने शिव धाम कुंडेश्वर में धर्मशाला निर्माण और प्रतिमा स्थल पर छतरी लगाने का प्रस्ताव रखा। इन प्रस्तावों को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष को पत्र सौंपा गया। उन्होंने अधिकारियों से चर्चा कर निर्माण कार्य कराने का आश्वासन दिया।दुष्यंत लोधी ने समाज के लोगों से अपने इतिहास को याद रखने और महापुरुषों के पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सभी मंडल के अध्यक्ष, रामबगस आलोक संघ के सदस्य और अन्य समाज के लोग मौजूद रहे। लोधी क्षत्रिय समाज के प्रदेश महामंत्री इंजी दुष्यंत सिंह लोधी ने बताया कि जयंती समारोह जिला स्तर पर धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनोहर लाल ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता बीआर राजपूत, लखन लाल राजपूत, बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह राजपूत और बीजेपी जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शहर में लोधी समाज ने स्वाधीनता संग्राम की प्रथम नायिका वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी की 194वीं जयंती मनाई। शासकीय गर्ल्स कॉलेज स्थित प्रतिमा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। इस दौरान समाज के लोगों ने शिव धाम कुंडेश्वर में धर्मशाला निर्माण और प्रतिमा स्थल पर छतरी लगाने का प्रस्ताव रखा। शहर में लोधी समाज ने स्वाधीनता संग्राम की प्रथम नायिका वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी की 194वीं जयंती मनाई। शासकीय गर्ल्स कॉलेज स्थित प्रतिमा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। इस दौरान कुंडेश्वर में धर्मशाला निर्माण और प्रतिमा स्थल पर छतरी लगाने का प्रस्ताव रखा।

**नियुक्ति** ▶ **नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे बने प्रदेश अध्यक्ष**

# भोपाल में संवैधानिक अधिकार रक्षा सम्मेलन संपन्न



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। रविवार को मध्य प्रदेश के सभी जिलों के पार्षदों द्वारा भोपाल स्थित होटल 9 मसाला स्ट्रीट में संवैधानिक अधिकार रक्षा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में सर्वसम्मति से मध्य प्रदेश पार्षद संघ का गठन किया गया।**

इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक खरे टीकमगढ़, प्रदेश महामंत्री संदीप जैन देवरी,प्रदेश उपाध्यक्ष पवन सूर्यवंशी छिंदवाड़ बनाया गया है। सम्मेलन में यह निर्णय लिया गया कि सरकार द्वारा नगर पालिका, नगर परिषद, नगर निगम, अध्यक्षों के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की समय-सीमा को 3 वर्ष से बढ़ाकर 4 वर्ष 6 माह करना लोकतंत्र विरोधी है। पार्षदों का कहना है कि यदि यह निर्णय लागू किया गया तो अध्यक्ष तानाशाही रवैया अपनाएँगे। पार्षदों के संवैधानिक अधिकार प्रभावित होंगे।विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न होगी। भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा,और जनता का लोकतंत्र से विश्वास उठ जाएगा। सभी पार्षदों ने एकमत होकर संकल्प लिया कि इस प्रस्ताव का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा और पार्टी फोरम में भी इस मुद्दे को मजबूती से रखा जाएगा। साथ ही आग्रह पत्र सोपा जाएगा यदि सरकार ने यह निर्णय लिया तो पूरे प्रदेश के पार्षद सामूहिक रूप से इस्तीफा देंगे। इसके अतिरिक्त आगामी समय में हर संभाग एवं हर जिले में पार्षद संघ का विस्तार किया। रविवार को मध्य प्रदेश के सभी जिलों के पार्षदों द्वारा भोपाल स्थित होटल 9 मसाला स्ट्रीट में संवैधानिक अधिकार रक्षा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में सर्वसम्मति से मध्य प्रदेश पार्षद संघ का गठन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक खरे रानू टीकमगढ को बनाए जाने पर टीकमगढ़ नगर पालिका के पार्षदों में खुशी की लहर देखने को मिल रही है। पार्षदों का मानना है कि अब उनकी मांगों को प्रदेश अध्यक्ष राजधानी स्तर पर ले जाएगे और समस्याओं का निराकरण भी होगा। रविवार को रानू खरे की नियुक्ति खबर लगते ही दिनभर बधाईयों का सिलसिला जारी रहा ।

### पार्षदों ने एकमत होकर लिया संकल्प

यह निर्णय लागू किया गया तो अध्यक्ष तानाशाही रवैया अपनाएँगे। पार्षदों के संवैधानिक अधिकार प्रभावित होंगे ।विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न होगी। भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा,और जनता का लोकतंत्र से विश्वास उठ जाएगा। सभी पार्षदों ने एकमत होकर संकल्प लिया कि इस प्रस्ताव का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा ।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। दिगौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बर्माताल में 15 अगस्त की शाम 27 साल के युवक ने घर में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। मृतक ने किस कारण इस घटना को अंजाम दिया है इसकी पुलिस जांच कर रही है।**

जानकारी के अनुसार युवक का नाम नित्तू उर्फ नरेंद्र राय था। पिता का नाम सियाराम राय है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई। बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। परिजन और ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। दिगौड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा तैयार कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। आत्महत्या के कारणों का अब तक पता नहीं चला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जतारा अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया।

## आवासों का गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित



**नवभारत न्यूज जतारा। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 अंतर्गत नव निर्मित आवासों का गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम के अंतर्गत नव निर्मित प्रधानमंत्री आवास लाभार्थी रानी रजक, नाजरा खातून पति करीम खान का गृह प्रवेश का शुभारंभ अनुराग सुनील नायक रामजी अध्यक्ष नगर परिषद जतारा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद जतारा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, प्रधानमंत्री आवास योजना प्रभारी रवि अहिरवार, अम्बर नायक, अनिकेत रजक, लखनलाल गुप्ता, राजेश सूत्रकार, हरिशंकर कुशवाहा, पार्षदगण, कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 अंतर्गत नव निर्मित आवासों का गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया।